हिन्दुस्तान
1936
मंगलवार
3 अक्टूबर 2023, आश्विन कृष्ण पक्ष, पंचमी, विक्रम संवत 2080, बरेली
भरोसा नए हिन्दुस्तान का

Page No : 04 Bottom

कार्यक्रम | डॉ. वेदवती रविंद्र जोगी, समीर मिश्रा, वैज्ञानिक पायल अग्रवाल और अभिलाषा अग्रवाल को राम मूर्ति अलंकरण सम्मान से नवाजा गया

मेधावी छात्रों को 3.5 करोड़ की छात्रवृत्ति का वितरण

बरेली, वरिष्ठ संवाददाता। स्वतंत्रता सेनानी व पूर्व मंत्री श्रीराम मूर्ति की 35वीं पुण्यतिथि सोमवार को धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन ने रोबोटिक सर्जरी सेंटर सभी को समर्पित किया। आल इंडिया मेरिट में पांच सौ रैंक के अंदर आने वाले नौ बच्चों का शैक्षणिक शुल्क कोर्स की पूरी अवधि के लिए फीस माफ की गई। श्रद्धांजलि दिवस समारोह में शिक्षाविद डॉ. वेदवती रविंद्र जोगी, सामाजिक कार्यकर्ता समीर कुमार मिश्रा, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) में वैज्ञानिक पायल अग्रवाल, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) में वैज्ञानिक व एसआरएमएस की पूर्व छात्रा अभिलाषा अग्रवाल को राम मूर्ति अलंकरण से सम्मानित किया गया। कहानी प्रतियोगिता के विजेताओं की पुरस्कृत कहानियों के पांचवें संग्रह खांडवप्रस्थ का भी विमोचन हुआ। साथ ही प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति भी वितरित की गई।

श्रीराम मूर्ति स्मारक ट्रस्ट के सभी महाविद्यालयों में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के जन्मदिन पर उनके चित्रों पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए राष्ट्रीयध्वज फहराया गया। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, पूर्व मंत्री, पूर्व सांसद श्रीराम मूर्ति की 35वीं पुण्यतिथि पर भी श्रद्धासुमन अर्पित कर सभी ने उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन श्रीराम मूर्ति स्मारक कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी स्थित शतिक प्रेक्षागृह में हुआ। ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देवमूर्ति ने अपने पिता के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए सभी का स्वागत व अभिनंदन किया। उन्होंने ट्रस्ट की स्थापना, इसके द्वारा संचालित संस्थाओं और किए जा रहे सामाजिक कार्यों की जानकारी दी और छात्रवृत्ति के संबंध में बताया। कहा कि उनके संस्थानों में 150 से अधिक नये रिसर्च हो चुके हैं।

एसआरएमएस में स्वतंत्रता सेनानी श्रीराम मूर्ति की 35वीं पुण्यतिथि मनाई गई।